## आओ पाठ दोहराएँ



- वर्णों के सार्थक समूह को **शब्द** कहते हैं।
- व्याकरण के नियमों में बँधे वाक्य में प्रयुक्त शब्द **पद** कहलाते हैं।
- शब्दों का वर्गीकरण–स्रोत या उत्पत्ति के आधार पर, रचना के आधार पर, प्रयोग के आधार पर, अर्थ के आधार पर।
- स्रोत या उत्पत्ति के आधार पर– तत्सम शब्द, तद्भव शब्द, देशज शब्द, विदेशज शब्द, संकर शब्द होते हैं।
- रचना के आधार पर– रूढ़ शब्द, यौगिक शब्द, योगरूढ़ शब्द।
- प्रयोग के आधार पर– सामान्य शब्द, तकनीकी शब्द।
- अर्थ के आधार पर– एकार्थी शब्द, अनेकार्थक शब्द, पर्यायवाची शब्द, विपरीतार्थक शब्द, समरूपी/श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द।
- व्याकरणिक प्रकार्य के आधार पर– विकारी शब्द, अविकारी शब्द।

# अभ्यास

## मौखिक

कौशल-वाचन ( बोध, संवाद )

1. आपके विद्यालय का नाम देशज शब्द है या विदेशज शब्द? संकर शब्द है।
2. संकर शब्द के कोई दो उदाहरण दीजिए। टिकटघर, अखबारवाला
3. शब्द और पद में क्या अंतर है? शब्द स्वतंत्र और सार्थक होते हैं जबकि पद वाक्य के अंग बन जाते हैं।

## लिखित

कौशल-लेखन ( व्याकरण, शब्दावली, लिखावट )

### 1. निम्नलिखित वाक्यों में ✓ या ✗ निशान लगाइए–

(क) क्रमबद्ध व सार्थक शब्दों के मेल को वाक्य कहते हैं। [✓]
(ख) विदेशी भाषा से आए शब्द विदेशज कहलाते हैं। [✓]
(ग) स्वरों के मेल से शब्द बनते हैं। [✗]
(घ) संस्कृत से हिंदी में ज्यों-के-त्यों आए शब्द तद्भव कहलाते हैं। [✗]
(ङ) रचना के आधार पर शब्द के तीन भेद होते हैं। [✓]
(च) अनेकार्थक शब्द एक अर्थ का बोध कराते हैं। [✗]

### 2. निम्नलिखित शब्दों की भाषा के नाम पर ✓ निशान लगाइए–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) स्कूल | – | अरबी [ ] | अंग्रेज़ी [✓] | हिंदी [ ] |
| (ख) कूपन | – | तुर्की [ ] | फ्रेंच [✓] | अंग्रेज़ी [ ] |
| (ग) पेन | – | हिंदी [ ] | चीनी [ ] | अंग्रेज़ी [✓] |
| (घ) कुली | – | अरबी [ ] | तुर्की [✓] | अंग्रेज़ी [ ] |

(ङ) **कैंची** – फ़ारसी ☐ तुर्की ☑ अरबी ☐

(च) **पलटन** – पुर्तगाली ☑ अरबी ☐ हिंदी ☐

(छ) **चाय** – चीनी ☑ तुर्की ☐ अंग्रेज़ी ☐

(ज) **कॉलेज** – अंग्रेज़ी ☑ फ़ारसी ☐ हिंदी ☐

## 3. सोचिए, समझिए और मिलान कीजिए-

| | | |
|---|---|---|
| कर्ण | तद्भव | मस्तक |
| गाँव | | श्वेत |
| बात | तत्सम | हस्त |
| दंत | | अँधेरा |
| नौ | | मोर |

## 4. निम्नलिखित में से रूढ़, यौगिक तथा योगरूढ़ शब्द अलग-अलग करके लिखिए-

घर दशानन पंकज हाथी प्रधानमंत्री आदमी हिमालय राष्ट्रपति बरसा गुणवान लंबोदर स्नानघर

(क) रूढ़ शब्द ........ घर, हाथी, आदमी, बरसा

(ख) यौगिक शब्द ........ प्रधानमंत्री, हिमालय, राष्ट्रपति, गुणवान, स्नानघर

(ग) योगरूढ़ शब्द ........ पंकज, दशानन, लंबोदर

## 5. दिए गए शब्दों में से उचित शब्द से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

तकनीकी सुनार संकर विकारी सामान्य एकार्थी

(क) दो भिन्न भाषाओं के शब्दों से मिलकर जो नया शब्द बनता है; उसे ....संकर.... शब्द कहते हैं।

(ख) एक ही अर्थ वाले शब्द ....एकार्थी.... शब्द कहे जाते हैं।

(ग) किसी विशेष विषय अथवा व्यवसाय से संबंधित शब्दावली को ....तकनीकी.... शब्द कहते हैं।

(घ) जिन शब्दों के रूप लिंग, वचन, कारक, काल आदि के कारण बदल जाते हैं, उन्हें ....विकारी.... शब्द कहते हैं।

(ङ) 'स्वर्णकार' का तद्भव शब्द ....सुनार.... होता है।

(च) सामान्य व्यक्तियों द्वारा प्रयोग किए जाने वाले शब्द ....सामान्य.... शब्द कहलाते हैं।

## 6. निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त तत्सम शब्दों के स्थान पर तद्भव शब्दों का प्रयोग कर वाक्य पुनः लिखिए-

(क) माँ शाम को घृत के दिए जलाती हैं। ........ माँ शाम को घी के दिए जलाती हैं।

(ख) कुंभकार मिट्टी के बर्तन बनाता है। ........ कुम्हार मिट्टी के बर्तन बनाता है।

(ग) मिठाई की दुकान पर ग्राहकों की भीड़ लगी है। ........ मिठाई की दुकान पर ग्राहकों की भीड़ लगी है।

(घ) बारिश होने पर मयूर मुग्ध होकर नृत्य करता है। ........ बारिश होने पर मोर मुग्ध होकर नाचता है।

(ङ) मेरी भगिनी का नाम सौम्या है। ........ मेरी बहन का नाम सौम्या है।

(च) मेरे ओष्ठ गुलाबी रंग के हैं। ........ मेरे होंठ गुलाबी रंग के हैं।

7. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए-

(क) जलज – कमल को जलज भी कहा जाता है।

(ख) रसोईघर – रसोईघर में पकवान बनते हैं।

(ग) पुस्तकालय – पुस्तकालय दूसरी मंजिल पर है।

(घ) पुस्तक – पुस्तक साफ-सुथरी रखनी चाहिए।

(ङ) पाठशाला – वह रोज पाठशाला जाता है।

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

(क) शब्द किसे कहते हैं?

(ख) शब्द और पद में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ग) समानार्थी और विपरीतार्थक शब्द में अंतर बताइए।


9. यदि हमें सार्थक वाक्य बनाने के लिए कहा जाए, तो सार्थक शब्दों को क्रमबद्ध रखना पड़ेगा, तभी वाक्य बनेगा। अगर आपको पॉकेटमनी मिलती है, तो आप उस पॉकेटमनी को कैसे ख़र्च करेंगे कि वह सार्थक सिद्ध हो? मूल्यपरक प्रश्न

## गतिविधि

रचनात्मक-लेखन ( विचार, भाव, लिखावट )

- खेल-खेल में–

नीचे दिए गए शब्दों के खेल में आप टीम बनाकर अपने दोस्तों के साथ अधिक-से-अधिक शब्द बना सकते हैं। प्रत्येक शब्द बनाने के लिए एक अंक मिलेगा।




अब बने हुए शब्दों को वर्ग-जाल में से छाँटकर लिखिए–